**खबर संक्षेप**

### जनसुनवाई में सुनी गई 124 आवेदकों की समस्याएँ

**मण्डला।** जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने आवेदकों की समस्याएं सुनी। 124 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह एवं हुनेन्द्र घोरमारे सहित संबंधित विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत ने सभी आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में ग्राम बोकर निवासी अंशुल कुमार झारिया ने अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में, ग्राम खड़देवरी निवासी हरिओम यादव ने व्हीलचेयर प्रदान करने के संबंध में, देवगांव निवासी गिरधारी लाल झारिया ने संबल कार्ड के भौतिक सत्यापन एवं अनुग्रह सहायता राशि प्रदान करने के संबंध में, ग्राम बकछेरादौना निवासी रामनाथ ने जमीन से कब्जा छुड़वाने के संबंध में, साथ ही जनसुनवाई में अगल-अलग विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए।

### 15 कि.ग्रा. मछली जप्त कर की गई नीलामी की कार्यवाही


**मण्डला।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने बताया कि 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया हैं, बंद ऋतु के दौरान मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय एवं मत्स्य परिवहन आदि प्रतिबंधित है। विकासखण्ड निवास बाजार में मछली पालन विभाग मण्डला एवं नगर परिषद निवास के संयुक्त दल द्वारा अवैधानिक मत्स्य विक्रय की चैकिंग की गई इस दौरान लगभग 15 कि.ग्रा. मछली जप्त कर नीलामी की कार्यवाही कर 1100 रूपए शासन मद में जमा कराई गई है।

## माइक्रो फायनेंस कंपनी के एजेंट करते हैं अभद्रता, देते हैं धमकी

# प्राइवेट बैंकों की महिलाओं ने की शिकायत

*** ऋण देने के नाम पर हो रहा खेल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



30 अप्रैल 2024 को ग्राम खुडिय़ा की महिलाओं ने माइक्रो फायनेंस प्रायवेट बैंकों की शिकायत कर आरोप लगाये थे कि इन बैंकों के एजेंट हम महिलाओं को धमकी देते हैं, वहीं गांव में आकर सामूहिक रूप से अभद्रतापूर्ण व्यवहार करते हैं। इस मामले पर अभी तक कोई गंभीर कार्यवाही प्रायवेट बैंकों के विरूद्ध नहीं की गई जिसके कारण महिलाएं आज भी परेशान हैं। पीड़ित महिलाओं ने 16 जुलाई 2024 दिन मंगलवार को एक बार फिर से कलेक्टर, एसपी और थाना प्रभारी को शिकायत आवेदन देकर जांच करने एवं बैंकों के एजेंट के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में एक बार फिर माइक्रो फायनेंस कंपनी प्रायवेट बैंकों के विरूद्ध शिकायत किये जाने का मामला सामने आया है। जबकि 30 अप्रैल को इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक को स्वयं ग्राम खुडिय़ा की महिलाओं ने की थी। उस दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट शब्दों में ग्राम की महिलाओं को कहा था कि कोई भी एजेंट आपसे किस्त मांगने आता है और अभद्रता करता है तो तत्काल सूचित करें, वहीं उन्होंने यह भी कहा था कि कोई भी किस्त देने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन फिर भी बैंकों के एजेंट ग्राम की महिलाओं को अभी भी प्रताड़ित कर रहे हैं। ग्राम की महिलाएं इस प्रताडऩा से बचने के लिए कलेक्टर से लेकर पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी से गुहार लगाई है। उन्होंने जनसुनवाई में आवेदन देकर संबंधित बैंकों में पदस्थ एजेंटों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।



ग्राम खुडिय़ा की समस्त महिलाओं ने शिकायत आवेदन लेकर मीडिया कार्यालय पहुंची। जहां उन्होंने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि इस मामले को अपने अखबार में प्रमुखता से स्थान देकर जिला प्रशासन के संज्ञान में लायें ताकि इन बैंकों के विरूद्ध ठोस कार्यवाही हो सके। समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के माध्यम से हमारी आवाज को बुलंद करें और जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रायवेट बैंकों के द्वारा दिये जा रहे फर्जी लोन पर विराम लग सके। साथ ही जो महिलाएं लोन नहीं ली हैं उन्हें भी इन एजेंटों के द्वारा प्रताडऩा का शिकार होना पड़ रहा है। ग्राम की अनेक महिलाएं तो गांव छोडक़र इस डर से जा चुकी हैं क्योंकि उन्हें जिस तरह की प्रताडऩा का सामना करना पड़ रहा है जो बर्दाश्त से बाहर है। इसलिए अनेक ग्राम की महिलाएं गांव छोडक़र जा चुकी हैं।

### जिले में बंद करायें जायें प्रायवेट बैंक

जिला मुख्यालय मण्डला से लगा ग्राम खुडिय़ा की महिलाओं ने कलेक्टर, एसपी एवं थाना प्रभारी को आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने माइक्रो फाइनेन्स कंपनियों पर प्रताडऩा के आरोप लगाए हैं। महिलाओं ने अपने आवेदन में कहा है कि एक-एक महिला समूह को तीन-चार लोन दिए गए हैं। अब बैंक के रिकवरी एजेंट वसूली के नाम पर उन पर अनुचित दबाव बना रहे हैं। महिलाओं ने गुहार लगाते हुए मामले की जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा है कि आदिवासी बाहुल्य जिले में ये प्रायवेट बैंक बंद करायें जाये क्योंकि ये बैंक आरबीआई की गाइडलाइन के विपरीत काम कर रहे हैं। एक महिला को बार-बार लोन देकर कर्ज के बोझ तले दबा रहे हैं उसके बाद उन एजेंटों के द्वारा अभद्रतापूर्ण व्यवहार कर उन्हें धमकी दी जा रही है।

### महिलाओं ने लगाये गंभीर आरोप

महिलाओं ने बताया है कि गांव की महिला समूहों को विभिन्न माइक्रो फायनेंस कंपनियों ने अनेकों लोन दिए हैं। वे कम पढ़ी लिखी हैं इसलिए उन्हें लोन लेने की प्रक्रिया की जानकारी नहीं है, उन्हें तो ये भी नहीं पता कि उन पर किसका कितना लोन है। महिलाएं लोन की रकम पटा भी रहीं हैं लेकिन अधिकारी लोग हमारे घर आकर पता नहीं कौन-कौन से लोन की बात बताकर हमें डरा रहे हैं। महिलाओं ने इन बैंक के कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि वसूलीकर्ता दिन हो या आधी रात कभी भी आकर धमकाते हैं और कहते हैं कि घर बेचो, खेत बेचो या फिर खुद को बेचकर पैसा दो। महिलाओं का कहना है कि इतने लोन तो हमने लिए भी नहीं हैं, पता नहीं कहां से क्या-क्या बताते हैं। हमारा जीना हराम हो गया है, हम सभी महिलाएं आपसे सहायता चाहती हैं कि आप इस मामले की गहराई तक जाकर जांच कर हमें न्याय दिलायें।

### इन प्रायवेट बैंकों का जिले में फैला जाल

मण्डला जिले में लगभग एक दर्जन से भी अधिक माइक्रो फायनेंस कंपनी, प्रायवेट बैंकों का मकडज़ाल जिले में फैला हुआ है जहां जिले की आदिवासी बाहुल्य ग्राम की महिलाओं को फंसा रखा है। ग्रामीणों ने बताया कि सेंटिंग बैंक, ग्राम शक्ति बैंक, उत्कर्ष बैंक, बीएसएस बैंक, एसबीसीएल बैंक, भारत फायनेंस बैंक, लाईट कम्पनी बैंक, स्वतंत्रता बैंक, आशीर्वाद फायनेंस बैंक, नम्र बैंक, तराशना बैंक, बंधन बैंक, स्वाती बैंक आदि के नाम ग्रामीण महिलाओं ने जनसुनवाई में लिखित शिकायत आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है।

## ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, ट्रक को किया आग के हवाले



*** अंजनिया चौकी अंतर्गत अहमदपुर चौराहे के पास हुआ हादसा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला बिछिया नेशनल हाईवे 30 में बसे ग्राम अंजनिया के पास अहमदपुर चौराहे के पास का क्षेत्र एक्सीडेंटल जोन बन गया है। यहां आए दिन सड़क हादसे हो रहे है। मंगलवर की शाम करीब 6 बजे अंजनिया पुलिस चौकी अंतर्गत अहमदपुर चौराहे के पास ट्रक की टक्कर एक बाईक से हो गई। हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक ने वाहन को लाकर पुलिस चौकी अंजनिया के पास खड़ा दिया और अपने आपको पुलिस को सरेंडर कर दिया। महिला की मौत से गुस्साएं ग्रामीणों ने थाने के पास खड़े ट्रक में आग लगा दी। जिससे ट्रक धू धू कर जल गया। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे 30 में चक्का जाम कर दिया गया।

जानकारी अनुसार अंजनिया चौकी अंतर्गत अहमदपुर चौराहे के नजदीक सड़क हादसा हो गया। जहां तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर सवार एक व्यक्ति घायल हुआ जबकि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। बताया गया कि बाईक में सवार दोनों पति- पत्नि थे। जिसमें पत्नि दुर्गेश्वरी निवासी मेढ़ाताल की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही बम्हनी थाना, बिछिया थाना और मंडला थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।




## आरोप-मंडला जेल प्रहरी ने की रूपए की मांग, ना देने पर की मारपीट

*** ना जिला चिकित्सालय में हुआ उपचार ना ही कोतवाली में शिकायत हुई दर्ज।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला जेल में बंदी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। वहीं घायल होने पर जिला अस्पताल में उपचार नहीं किया गया न ही कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। पीड़ित ने कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार 14 जुलाई को अंजनिया चौकी में अंजनिया निवासी अरविंद यादव पिता सतीष यादव को कोर्ट केस के एक वारंट में तामीली में बुलाया गया। पीड़ित का आरोप है कि चौकी में उससे पैसे की मांग की गई। पैसा नहीं देने पर उसे जेल भेज दिया गया। जेल में प्रवेश के साथ ही जेल प्रहरी ने 10 हजार रुपए की मांग की। पैसे नहीं देने की बात पर बांस की लकड़ी से पिटाई कर दी। जिससे पैर में गंभीर चोट आई है। बताया गया कि 15 जुलाई को जमानत से रिहा होने पर उपचार कराने के लिए पीड़ित जिला अस्पताल पहुंचा तो वहां उसका उपचार नहीं किया गया। एफआईआर के बाद उपचार करने की बात कही गई। जब वह कोतवाली थाना शिकायत लेकर पहुंचा तो वहां से भी यह कहकर भगा दिया गया कि जेल का मामला है जेल में ही शिकायत करें। जिसके बाद उसने एक निजी अस्पताल में पहुंचकर उपचार कराया। मंगलवार को आवेदन लेकर कलेक्टर के पास जनसुनवाई में पहुंचा। जहां अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने आवेदन लेकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## अभाविप ने घोषित की नगर की नवीन कार्यकारिणी



**मण्डला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नगर की नवीन कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें नगर अध्यक्ष डॉ बीएल झरिया, नगर मंत्री प्रिंस सिंह, नगर उपाध्यक्ष प्रो अपूर्वा मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष प्रो जगदीश प्रजापति, नगर सह मंत्री तरुण पटेल, तनुश्री बरमैया, जतिन हरदहा, नयन यादव, नगर कार्यालय मंत्री अभय नंदा, नगर कोषाध्यक्ष प्रोफेसर आलोक सिंगौर को नियुक्त किया गया है। इसी के साथ नगर एसएफडी प्रमुख हर्ष यादव, नगर सह एसएफडी प्रमुख नर्मदा झरिया, नगर एसएफएस प्रमुख कुमकुम बघेल, नगर सह एसएफएस शिवांग मार्को, नगर राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख काजल नागिया, नगर सह राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख प्राची कछवाहा, नगर खेलो भारत प्रमुख अंश उइके, नगर सह खेलो भारत प्रमुख पंकज मरावी, नगर स्टडी सर्कल प्रमुख आनंद सिंगौर,नगर स्टडी सर्कल सह प्रमुख यस गोटिया, नगर स्टडी सर्कल सह प्रमुख आदित्य चौकसे, नगर तकनीकी कार्य प्रमुख अभिनव सिंगौर, नगर तकनीकी कार्य सह प्रमुख राजा यादव, नगर विद्यालय कार्य प्रमुख नवदीप चंद्रोल, नगर विद्यालय कार्य सह प्रमुख शोभित सिंगौर, नगर महाविद्यालय कार्य प्रमुख स्पर्श मिश्रा, नगर महाविद्यालय कार्य सह प्रमुख खुशी पटेल, नगर छात्रावास प्रमुख अभिषेक रैदास, नगर छात्रावास सह प्रमुख श्रृष्टि डेहरिया, नगर कार्यकारिणी सदस्य पायल पटेल, प्राची पटेल, प्रखर श्रीवास नियुक्त किए गए हैं। इनकी नियुक्ति पर अभाविप पदाधिरियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

**भ्रष्टाचार** | **बिछिया पुलिस द्वारा पांढुर्णा जिले से किया गया गिरफ्तार।**

# करोड़ों के गबन का आरोपी सीएमओ गिरफ्तार

*** दो आरोपी अभी भी फरार हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया





बिछिया नगर परिषद में कुछ महीनों पहले हुआ हाई प्रोफाइल बहुचर्चित करोड़ों की राशि अपने खाते में हस्तांतरित कर किया गया भ्रष्टाचार जो आज भी चर्चा में है के एक आरोपी पूर्व सीएचएमओ संजय बाबू भटोडे को बिछिया पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार कर बिछिया थाने लाए और सिविल कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड में लेने की अपील की है वहीं इस मामले के दो आरोपी लिपिक रोहित दुबे और शिव कुमार झरिया आज भी फरार बताए जा रहे हैं। यह मामला भी क्षेत्रीय विधायक नारायण सिंह पट्टा के विधान सभा में यह मुद्दा उठाए जाने के बाद बिछिया पुलिस ने सीएचएमओ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर 2 दिन की पुलिस रिमांड में लिया इसके बाद चर्चा में है की इतने बड़े घोटाले का मास्टर माइंड अब तक लम्बे समय से फरार बताया जा रहा है जबकि दैनिक वेतन भोगी एक ऑपरेटर के द्वारा पूरी नगर परिषद् चल रही थी ये वही ऑपरेटर शिव कुमार झरिया है है जिसने नगर नव निर्मित दुकानों के आक्सन की राशी नगर परिषद् के नाम से परिषद अकाउंट मे ना जमा करके अपनी खुद के द्वारा संचालित चिट फंड कंपनी बैंक के नाम से एक करोड़ों रुपए की एफडी अपने नाम से बनवा ली थी महीनो बाद जब मामला सामने आया तो इस दैनिक वेतन भोगी को अलग नही किया गया और ना कोई कार्यवाही की गई और परिषद् के अकाउंट शाखा का प्रभार दे दिया गया और छोटे कर्मचार्यो के विभाग बदल दिए गए आख़िर ऐसा क्यो किया गया।

इस तरह बिछिया नगर परिषद् में ऐक दैनिक वेतन भोगी के माध्यम से करोड़ों की राशि से ऊपर का एक बहुत बड़ा भ्रष्टाचार किया गया जिसने इन दिनों लिपिक के आलावा और भी लोग शामिल है, बताया जाता है की इस भ्रष्टाचार के मामले में सबसे ज्यादा पीएम आवास की राशि सहित वेतन और नगर परिषद की अन्य मदो की राशि को मिलाकर लगभग दो करोड़ से ऊपर का एक बहुत बड़ा भ्रष्टाचार सोची समझी रणनीत के तहत किया गया और यह अभि से नही बोहोत लम्बे समय से चल रहा है इस भ्रष्टाचार में संजय बाबू घाटोडे ही नहीं इसके पूर्व के कुछ सीएमओ भी जिम्मेदार है जिसकी जांच होनी चाहिए,अगर गंभीरता से जांच की जाए तो अनेक चौंकाने वाले मामले सामने आएंगे, थाना बिछिया के अपराध क्रमांक 171/24 धारा 420 465 467 409 34 ipc भ्रष्टाचार संशोधन अधिनियम 2018 धारा 13(1) 13 (2)में आरोपी संजय बाबू घटोडे पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिछिया निवासी थाना पांढुर्णा जिला पांढुर्ण को बिछिया पुलिस द्वारा पांढुर्णा जिले से गिरफ्तार का माननीय न्यायालय बिछिया के समक्ष पेश किया गया मामले में साक्ष्य जुटाने ने हेतु दो दिनो का पुलिस रिमांड भी लिया गया है।

### इनका कहना है:-

*अनुविभागीय अधिकारी बिछिया के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी बिछिया धर्मेंद्र सिंह धुर्वे ,आरक्षक अरविंद बर्मन ,आरक्षक संजय कटरे टीम द्वारा पांढुर्णा से गिरफ्तार कर बिछिया लाया गया है।*

***-थाना प्रभारी बिछिया,***

## गांजे के प्रकरण में जप्त तीन चौपहिया वाहन हुए नीलामी

*** 83 हजार 600 रूपए में हुए तीन वाहन नीलाम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मोतीनाला थाना परिसर में गांजे के प्रकरण में जब्त तीन चौपहिया वाहनों की नीलामी प्रक्रिया की गई। जहां बोलीदारों ने वाहनों की बोली लगाई। बताया गया कि मादक पदार्थों के परिवहन में प्रयुक्त कार जिसमें थाना मोतीनाला में एनडीपीएस एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध था। जिसमें जब्त शुदा वाहनों की नीलामी की गई है।

बताया गया कि जब्तशुदा वाहनों में सेंट्रो कार, मारुति स्विफ्ट कार एवं वैगन कार की नीलामी राजसात की कार्यवाही संपन्न की गई। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस मंडला बृजेश गोयल के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक मंडला के मार्गदर्शन में समिति के अध्यक्ष, सदस्य जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सर्जना यादव, एसडीओपी आसिफ इकबाल, नायब तहसीलदार मवई संदीप नागोसे, थाना प्रभारी मोतीनाला निरीक्षक प्रदीप पांडेय की उपस्थिति में की गई जप्तशुदा कार की नीलामी की गई।

नीलामी प्रक्रिया के दौरान उपस्थित खरीददारों द्वारा बोली लगाई गई। जिसमें सेंट्रो कार की शासकीय कीमत 18 हजार रुपए, मारुति स्विफ्ट कार की शासकीय कीमत 22 हजार रुपए एवं बैगन कार की कीमत 42 हजार रूपए थी। इन वाहनों की बोली शकील अहमद द्वारा उच्चतम बोली लगाते हुए 18600 रूपए, 22700 रूपए एवं 42 हजार 300 रूपए लगाकर उक्त वाहन को क्रय किया गया। नीलामी वाहन से प्राप्त कुल राशि 83 हजार 600 रूपए शासन के खाते में ऑनलाइन जमा की गई। बताया गया कि मंडला पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर थाना परिसर में रखी कंडम एवं लावारिस वाहनों की जप्ती कर नीलामी की प्रक्रिया में कार्यवाही करते हुए 150 से भी अधिक वाहनों की निलामी की गई।



## खबर संक्षेप

### पिता पुत्र के साथ घर में घुसकर की गई मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पचामा निवासी उमाकांत उर्फ सुनीत पिता मोती लाल उर्फ कोमल लोधी उम्र 36 वर्ष द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर पर था उसी समय ग्राम ही निवासी देवेश लोधी, कन्हैया लाल लोधी तथा झलकन लोधी तीनों एक राय होकर जबरन घर के अंदर घुसकर मेरे तथा मेरे पिता मोती लाल लोधी के साथ लाठी व डंडो से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### लाठी मारकर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बैरागढ़ निवासी लाल जी पिता डल्लू धानक उम्र 45 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि किसी बात को लेकर उसके साथ उसी ग्राम निवासी काल्लू धानक द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### उधारी के पैसों की बात को लेकर महिला से मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर के शिवाजी वार्ड निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब हम सभी परिवार जन खाना खा कर अपने घर पर सो रहे थें तभी मेरे घर के सामने भूरा चौधरी, गोविन्द चौधरी आये और मुझसे बोले की तुम्हारा लडका लखन कहा है। वह हमारा उधारी का पैसा नही दे रहा है तब मै बोला की लखन घर पर नही है तो वह लोग गंदी गंदी गालिया देने लगे जो सुनने मे बुरी लग रही थी मैने गाली देने से मना किया तो बोले की अपने लडके लखन के बारे मे क्यो नही वता रहा है तभी मेरी पत्नि वहां पर आ गयी तो भूरा चौधरी ने मेरी पत्नि के साथ मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### खेत की मेढ़ से निकलने की बात को लेकर की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बोहानी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा खेत अमई मौजा नयागांव रोड पर है मेरे खेत की मेढ से गांव का अन्नी लाल काछी व उसका परिवार अपने घर आना जाना करता है। बीते हुये दिवस जब मै तथा मेरा छोटा लडका पवन पाठक खेत में पडे कचरे की सफाई कर रहे थें। उसी समय वही पर रहने वाली बती बाई काछी निकल रही थी मैने उसे वहा से निकलने को मना किया तो इसी बात को लेकर बती बाई मुझसे गर्दन पकड कर झूमा झटकी करने लगी और उसी दौरान अन्नीलाल हाथ में डंडा लेकर आया और गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करने लगा। इस दौरान बीच बचाव करने मेरा लडका पवन आया तो अन्नी लाल का लडका अनिल काछी हाथ में डंडा लिये अपनी पत्नि के साथ आया डंडे से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई।

### एक राय होकर तीन ने की महिला के साथ मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम सहावन निवासी एक 26 वार्षिय महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब मेरे पति मजदूरी के लिये पनागर गये हुये थें। उसी समय मेरा भाई चन्द्रभान अहिरवार मेरे घर ग्राम सहावन आया था तो मेरी सास गंगा बाई अहिरवार मेरे घर के सामने आकर मेरे भाई चन्द्रभान अहिरवार को गंदी-गंदी गालियां देने लगी ।

भक्ति में लीन लोगों ने शामिल होकर पूजन करते हुये सड़को पर किया मन मोहक नृत्य...

# नगर में पहली बार बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गई श्रीराम मंदिर चांवडी मार्ग से भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा को आयोजन हर साल आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की दूज को जगदीश रथ यात्रा दिवस पर संपूर्ण भारत वर्ष में होता है। इसी के चलते बीते हुये 7 जुलाई को नगर के जगदीश मंदिर से रथ यात्रा निकाली गई थी जिसके चलते जगदीश मंदिर से रथ पर सबार होकर निकले हुये जग्गनाथ जी का हर साल की भांति अभी नगर में भ्रमण जारी है। वही आषाढ़ शुक्ल पक्ष के दौरान नगर में पहली पर राम मंदिर चांवडी वार्ड से अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन के संस्थापकाचार्य कृष्णकृपाश्रीमूर्ति श्रीमद् ए.सी. भक्तिवेंदांत श्रील प्रभुपाद व भक्ति जीवन ब्रजनंदन स्वामी महाराज इस्कॉन श्री जगन्नाथ मंदिर बरमान घाट के तत्वाधान में भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई। इस तरह मगर नगर में पहली बार नगर के श्रीराम मंदिर से निकाली गई भगवान जग्गनाथ की रथ यात्रा जहां आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पाई थी। सजे धजे रथ पर सबारजगत के नाथ की जहां मनमोहन प्रतिमा भक्तों को अपनी भक्ति में लीन करने के लिये मजबूर करते हुये जान पड रही थी। वही धर्म शस्त्रों में इस बात का उल्लेख है कि जो व्यक्ति भगवान जगन्नाथ के रथ के रस्से को पकड़ कर यदि कोई भी व्यक्ति एक कदम भी आगे चलता है उसे एक अश्व मेघ यज्ञ करने के बरबार का पुण्य प्राप्त होता है और जो भक्त भगवान जगन्नाथ से रथ यात्रा महोत्सव का साक्षी बनता है उसे अपने जीवन की समाप्ति पर भगवान धाम की प्राप्ति होती है। इन मान्यताओं के आधार पर नगर के राम मंदिर चांवडी वार्ड में रथ निकलने के पहले ही लोगों का हुजूम एकत्र हो गया था। वही देखा गया कि भगवान की रथ की रस्सी में अपना हाथ लगाने के लिये लोगों में उत्साह बना हुआ था। इस तरह डी जे साउंड सहित ढोल ढमाकों की धूमधाम व लतहराती धर्म ध्वजाओं के साथ संत व महात्माओं के सानिध्य में निकाली गई जिसमें नगर के प्रथम नागरिक नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, समाज सेवी मुकेश बसेड़िया, अखिल भारतीय कौरव महासभा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रमाकांत कौरव, रेवाश्री वुक्स के संचालक प्रदीप कौरव, राजू भाई चार गांववाले, नीरज कौरव ठुटी, संजय कौरव, राघवेन्द्र कौरव रहली सहित अन्य लोगों ने रथ की रस्सी को खीचते हुये भगवान जग्गनाथ जी का पूजन अर्चन किया गया। इस तरह नगर में जहां एक ओर मोहर्रम पर्व की धूम मंची हुई तो दूसरी ओर इस तरह जग्गनाथ जी की रथ यात्रा ने निश्चित ही नगर में का दृश्य मनमोहक करने में कोई कसर नही छोडी गई थी। इस तरह भगवान जगन्नाथ जी की इस रथयात्रा के दौरान शहर में श्रद्वा, भक्ति के अद्भूत नजारे देखने मिले। वही दूसरी ओर शहर के श्रद्वालु पुरूषों, महिलाओं के साथ युवाओं तथा बच्चों ने भगवान जगन्नाथ का पूजन, दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया और भगवान जगन्नाथ का जयघोष किया। वही रथ के साथ चल रहे प्रसादी वितरण में वितरित हो रही अनेक प्रकार की प्रसादी रूप सामग्री को लेकर आदर के साथ ग्रहण की गई। क्योंकि कहा जाता है कि भगवान जगदीश जी की प्रसादी को जो कोई ग्रहण करना है तो उसका घर कभी खाली नही रहता है। उस पर अन्नपूर्णा का बरदान होता है। इसी लिये कहा जाता है कि जगन्नाथ का भांत जगत पसारे हाथ के चलते नगरवासी भगवान का भांत रूपी प्रसादी लेने के लिये भगवान के सामने भीड़ लगाते हुये देखने मिली। क्योंकि रथ यात्रा को दौरान वितरण होने वाली भात की इस प्रसादी को लेकर लोग अपने घर के रसोई भंडारे में मिलता है तो वह कभी खाली नही होता है। इसी मान्यता के चलते लोग भगवान की रथ यात्रा के दौरान वितरण होने वाली भगवान की आर्शीवाद स्वरूप प्रसादी जगननाथ प्रसादी को ले जाकर अपने भंडारे में जरूर रखते है। इस प्रकार से भगवान जगदीश की की यह रथ यात्रा नगर के चॉवडी रोड स्थित श्रीराम मंदिर से निकलते हुये पानी टंकी से होकर पलोटन गंज, शासकीय चिकित्सालय मार्ग से निकलते हुये राठी तिरहा, पुराना बस स्टेन्ड से निकलकर पुरानी गल्ला मंडी पहुंचने के बाद इस रथ यात्रा का बडे ही विधि विधान के साथ समापन हुआ। इस प्रकार से नगर के लिए यह सौभाग्य की बात थी कि हाथ फैलाकर लोगों पर कृपा लुटा रहे सुसज्जित रथ पर अपने बड़े भाई बलदेव व बहिन सुभद्रा के साथ विराज मान भगवान जगत के नाथ नगरवासियों को आर्शीवाद प्रदान कर रहे थें। इस दौरान देखा गया कि रथ को कुछ समय तक रथ को खीच रहे संतों ने श्रद्वालुओं का उत्साह बढ़ाया गया। यह भगवान जगन्नाथ जी के रथ की शोभायात्रा नगर के वही यात्रा में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक उमेश तिवारी सहित अन्य पुलिस प्रशासन ने भी अनुशासन बनाये रखने का सराहनीय कार्य किया।

## मोहर्रम के चलते आज निकलेंगे ताजिया, सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक सहित कलेक्टर ने नगर की सड़कों पर किया पैदल भ्रमण






**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** मुस्लिम समुदाय का मोहर्रम शहीदाने कर्बला इमाम हुसैन की याद में मनाया जा रहा है। आज बुधवार को मोहर्रम की 10 तारीख को शहर की सब्जी मंडी के सामने यानि की संजय मार्किट के पास ताजियों का मजमा लगेगा । जो सुबह से प्रारंभ होकर दोपहर करीब 12: बजे चलेगा। बताया जाता है कि शहर के सभी ताजिये यहा पर रखे जाते है और सभी वर्गो के लोग यहां पर पहुंचकर बडे अकीदत के साथ दीदार करने पहुचेंगे। जहां पर रखे जाने वाली ताजियों के सामने लोभान रेबड़ी चढ़ाकर रस्म अदा करेगे । मजमे में सभी इमाम बाड़ों की सवारी बाबाओ की आमद के साथ रन करने पहुचेगी । इसी मार्ग पर लंगर वितरण किया जाएगा पूरे नगर में सावरिया रन करेगी । बड़े वली इमामबाड़े, शक्ति चौक, बाबड़ी अखाड़ा , पानी टंकी के सामने लगे परचम वाले स्थानों पर भी मजमा रहेगा । आज मोहर्रम की 10 तारीख़ यौमे आशूरा के दिन रोजा भी रखा जायेगा । जामा मस्जिद मे हाफिज जुबेर आलम साहब, फैजाने मदीना मस्जिद में इमाम दानिश साहब यौमे आशूरे की नमाज अदा करायेगे छोटी मस्जिद में भी नमाज अदा की जाएगी । चावड़ी पर आज रात्रि में बारह भाई इमाम बाड़े के सामने ताजियों का मजमा लगता है । इस तरह नगर में शक्ति चौक पर हंसने हुसैनी सोसायटी ने परचम ए अब्बास अलमदार लगाया है यहा पर दीदार करने वालो की भारी भीड़ पहुच रही है। इस तरह चल रहे मोहर्रम के चलते आज निकलने वाले ताजियों के द्वारा कानून व्यवस्था बनाने के लिये मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सहित श्रीमति शीतला पटले द्वारा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी कलावती व्यारे, तहसीलदार प्रियंका नेताम, नगर निरीक्षक उमेश तिवारी द्वारा भारी पुलिस बल के साथ नगर की सड़को पर पैदल भ्रमण करते हुये नगर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये आज होने वाले मोहर्रम को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। इस तरह जिला कलेक्टर द्वारा पहली बार नगर की सड़को पर पैदल भ्रमण किया गया।

## नगर के इन्द्रा वार्ड पंचवटी कालोनी में दिखाई पड़ रहे गांवों से बदतर नजारे

### लोगों को अपने घरों तक पहुंचने के लिये पजामा करना पड़ रहा है घुटनों से ऊपर



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि नगर में विकास की गंगा नही बह रही है। नगर के वार्डो पार्षदों की सक्रियता व नपा अध्यक्ष को अवगत कराये जाने के चलते लगातार विकास होते हुये देखा जा रहा है। मगर जिस तरह नगर के इन्द्रावार्ड पंचवटी कालोनी के नजारे देखने मिल रहे है। वही यहां के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का खुला प्रमाण देनें में कोई कसर नही छोड़ रहे है और यहां की स्थिति इस तरह से बनी हुई कि जो कुछ वर्षो पहले गांवों की सड़को का नजारा देखा जाता था कि लोग बारिश के दिनों में अपने घरों तक पहुंचने के लिये पजामा को घुटनों के ऊपर करते थें तभ कही वह सुरक्षित अपने घरों तक पहुंच पाते थें। कुछ इसी प्रकार का हाल नगर के इन्द्रावार्ड पंचवटी कालोनी के दिखाई दे रहे हे जो गांवों की याद दिलाने के साथ साथ यहां पर निवास करने वाले लोगों का कीचड के चलते अपने घरों तक पहुंच पाना मुश्किल होते हुये देखा जा रहा है। बताया जाता है कि कालोनी के अंदर बने हुये मुख्य मार्गो पर बडे बडे गड्ढे होने के कारण उनमें बारिश का पानी भर जाने से अनेक प्रकार के मच्छर व कीट जन्म ले रहे है। इसी का परिणाम है कि कालोनी में बुखार सहित अन्य प्रकार की बीमारियाँ फैलते हुये देखी जा रही है। वही दूसर ओर गड्ढो में पानी भरा होने के चलते कीचड़ का साम्राज्य स्थापित हो चुका है और हालत यह बनी हुई कि लोगों को अपने छोटे वाहन निकालने में परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है। बताया जाता है कि यहां की हालत यह बनी हुई कि जब छोटे बच्चें अपनी ड्रेस लगाकर स्कूल जाते है तो कीचड़ में फिसलकर गिरने से उनके जहां कपड़े सरक्षित नही बच पाते है और उनकी ड्रेस खराब हो जाने से स्कूल न जाने के लिये मजबूर होते हुये देखे जा रहे है। वार्ड के लोगों का कहना है कि वार्ड के जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों को इस सच्चाई से लगातार अवगत कराये जाने के कारण इस परेशानी के बीच जहां उनके दर्शन दुर्लभ होने लगे है? वही दूसरी ओर अब यहां पर निवास करने वाले लोगों को इस बात का अहसास होने से नही चूक पा रहा है कि शायद उनके द्वारा दो साल पहले की गई चूक के चलते इस वार्ड का कोई धनीधोरी ही नही रह गया है। क्योंकि दो साल पहले जून जुलाई के माह की स्थिति इस तरह देखी जा रही थी कि कालोनी व वार्ड में जब कोई एक छोटा से गड्ढा भी दिखाई दे देता था तो तुरंत ट्रालियों में भरकर बजारा आ जाता था और रातों रात कालोनी की सड़को सूरत बदल जाती थी। मगर अब हाल यह बने हुये है कि वार्ड के जिम्मेदारों द्वारा सड़के की स्थिति सुधरवाने की बात तो दूर कालोनी में दर्शन होना भी ईद के चांद की तरह प्रतीत होने से नही चूक रहा है....? और कालोनीवासी विकास के नाम पर चार चांद लगाने वाले इस नगर में आज भी गांवों से बुरी स्थिति में अपना जीवन व्यक्ति करने के लिये मजबूर होते हुये देखे जा रहे है।

## टुल्लू पंप कम कर रहे जल का प्रवाह कम, गरीबों के नलों से निकल रही हवा?



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** प्रकृति के साथ हो रही खिलबाड़ के चलते लगातार गिरते हुए जल स्तर से जहां लोगो को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है,वही लोगों के घर ही जल व्यवस्था सार्वजानिक नलो पर ही आश्रित होती जा रही है? नगर में नपा. द्वारा संचालित जल वितरण व्यवस्था को नगरवासियो द्वारा टुल्लू पंपो का प्रयोग कर नलो के जल प्रवाह को कम कर रहे है? वही दूसरी ओर टुल्लू पम्प के प्रयोग से दूसरों के हिस्से का पानी भी छीन लेते है, इस वर्ष अच्छी बारिश न होने के कारण लगातार गिरते हुये जल स्तर के कारण नगर के अनेक क्षेत्रो में जल संकट की स्थिति निर्मित होने लगी है? नगर में अधिकतर लोगो के यहां जल आपूर्ति नपा की शासकीय नलो की माध्यम से होती है, परंतु बिना मशक्कत के ज्यादा पानी प्राप्त करने के लालच के कारण नागरिको द्वारा खुलेआम घर के बाहर नलो पर टुल्लू पंपो का प्रयोग किया जा रहा है, जिसके कारण नगर की जल आवंटन व्यवस्था पूरी तरह गड़बड़ाती हुई नजर आ रही है? जिस वक्त नल आते है उसी समय नगर में घूमकर देखा जाये तो पता चल जायेगा कि सैकड़ो की तादाद में नलो से जुड़े हुये टुल्लू पंप दुसरो के हिस्से के पानी पर किस तरह डाका डाल रहे है। नगर के गरीब तबके लोगो के घर की जल व्यवस्था सार्वजानिक नलो पर आश्रित रहते है,स्वाभाविक रूप से गर्मी के दिनों में पानी अधिक खर्च होता है पानी की जितनी आवश्यकता अमीर एवं मध्यम वर्ग को होती है उतनी ही दरकार गरीबो को भी होती है, परंतु उंचे तबके के लोग अपनी धौंस और पहुंच के बल पर अपने नलो में टूल्लू पम्पो का प्रयोग कर करते है। नलो में क्यो रहता है कम प्रवाह- नगर के ढलान वार्डो में रह रहे वाशिंदो को तो पानी मिल रहा है किन्तु वे लोग जिनके घर उंचाई पर है वहां पानी जरूरत के हिसाब से पहुंच नही रहा है जहां पर नलो से निकलने वाले पानी का प्रवाह ही कम है, दूसरी रही सही कसर जल वितरण व्यवस्था में टुल्लू पंपो का हस्ताक्षेप पूरी कर देता है, जिससे कई नल केवल हवा उगालते हुए नजर आते है? दूसरो के हिस्से में डांका-टुल्लू पंपो के प्रयोग से सार्वजानिक नलो में जल प्रवाह या तो कम हो जाता है या फिर दुसरी तरफ अवरूद्ध हो जाता है,जिससे दूसरो के हिस्सो के पानी से भी अपने हिस्सो में ले लेते है और वे अपने घरो के सामने सड़क या ऑगन में पानी सींचकर पानी व्यर्थ बहता हुआ नजर आता है।

## गरीबी भोग रहे सही हकदारों को नहीं मिल पा रहे नीले राशन कार्ड




**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जहां एक ओर सरकार ने गरीबो के हित में अनेक योजनाएँ संचालित की हैं, किन्तु विडम्बना की बात है इन योजनाओं का लाभ या तो अशिक्षित होने से गरीब नही उठा पाते या शासकीय कर्मचारियों की लापरवाही के चलते गरीबो को प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं से वंचित कर दिया जाता है? इस बात की सच्चाई नगर पंचायत सांईखेड़ा सहित जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत अनेक ग्राम पंचायतों में दिखाई पड़ रही है? बताया जाता है कि उक्त ग्राम के सही मायने में गरीबों, शासन से मिलने वाली सुविधाओं के हकदारो ने काफी समय पूर्व गरीबी रेखा सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन दिए थे, मगर आश्चर्य की बात है कि अभी तक प्रशासन की प्रक्रिया के तहत गरीबो के नाम बी. पी.एल.सूची में दर्ज नहीं किए गए है? जिसके कारण शासन की मंशा के अनुरूप वास्ताविक गरीब सस्ते राशन, कैरोसिन से वंचित है और नीला, पीला राशन कार्ड उनके पास न होने से सरकार की गरीब हितैषी योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। हरिभूमि से चर्चा करते हुए दो वक्त की रोटी का मुश्किल से इंतजाम करने वाले गरीबो ने कहा कि प्रशासन ने साधन सम्पन्न लोगों तक के बी.पी.एल. कार्ड बना दिए है? किन्तु गरीबों के नीले, पीले राशन कार्ड के बनाने में उसकी तरफ सें बेमतलब देरी कर गरीबों को परेशान किया जा रहा है? उनके अनुसार बी. पी. एल. कार्ड नही बनने से किसी तरह की शासकीय सुविधा उन्हे नहीं मिल रही है और विषम परिस्थति में जिन्दगी व्यतीत करने गरीबों को मजबूर होना पड़ रहा है? नीले, पीले राशन कार्ड तैयार करने का इंतजार करने वाले गरीबो ने प्रशासन से गुहार लगायी है कि उनकी समस्या हल करने की दिशा में ठोस पहल की जाए।

## सड़कों के किनारे लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के चलते बन रही दुर्घटनाओं की संभावनाएं, प्रशासन बना अनजान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय नगर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण की सच्चाई इस प्रकार से देखी जा रही है कि नगर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर जिसे जहां मर्जी हो रही है वहां पर अपना कब्जा जमाने से नही चूक रहा है, इस प्रकार से नगर की मुख्य माने जाने वाली सड़कों के किनारे लोगों द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये किये जाने वाला अतिक्रमण आम लोगों की जिन्दगी के लिये पूर्ण रूप से खतरा साबित होने से नही चूक रहा है, मगर इस सच्चाई को जिस प्रकार से प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है वह चिंता जनक सच्चाई उजागर करने से नही चूक पा रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के प्रमुख माने जाने वाले वायपास मार्ग पर रिलांइस पेट्रोल पंप के पास देखा जा रहा है। जहां पर बताया जाता है कि किसी पंचर सुधारने वाले व्यक्ति द्वारा किया गया अतिक्रमण निश्चित ही किसी दिन कोई बड़ी घटना को अंजाम देने से नही चूक पायेगा? क्योंकि जिस जगह यह अतिक्रमण करते हुये दुकान बनाई गई है, वही जगह वाहनों की आवाजाही के लिये प्रमुख स्थल इसलिये मानी जाती है कि जो वाहन कौड़ियि की ओर से आता है वह घाट होने के कारण तेज गति से दौड़ते हुये आने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर पेट्रोल पंप से जब कोई वाहन डीजल या पेट्रोल लेकर जब कौड़िया की ओर जाता है तो इस अतिक्रमण के चलते सामने से आने वाला वाहन उस समय तक दिखाई नही पड़ता है जब तक वह मुख्य मार्ग पर नही पहुंच जाता है और मुख्य मार्ग पर पहुंचते ही जब दूसरी ओर से तेज गति से आने वाले वाहन आमने सामने होते है तो वाहन को रोक पाना मुश्किल होने से नही चूकता है? वही दूसरी ओर जब इस दुकान पर कोई व्यक्ति पंचर जुडवाने या फिर हवा भरवाने के लिये रूकता है तो उसे भी मुख्य सड़क पर ही अपना वाहन खड़ा करना पड़ता है, इस स्थिति के चलते निश्चित ही यहां पर हुआ अतिक्रमण किसी दिन कोई बड़ी घटना का कारण बनने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? मगर इस सच्चाई को प्रशासन द्वारा जिस प्रकार से नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते यह जान पड़ने से नही चूक पा रहा है कि शायद प्रशासन में बैठे हुये अधिकारी ही किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हो।

## स्कूलों मे सड़ रहे कम्प्यूटर, शिक्षा विभाग की योजना पर लगा प्रश्न चिन्ह?



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** बीते हुए कुछ वर्षो पूर्व मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक क्षेत्र के अनेक गांवों के मिडिल स्कूलों मे कम्प्यूटर ज्ञान देने खातिर मयसेट कम्प्यूटर रखाये गये थें, जिनका कभी किसी छात्र को लाभ तो हुआ नही मगर इन कम्प्यूटरों की स्थिति देखी जावे तो कुछ चोरी चले गये, कुछ के आधें अधूरे सिस्टम शेष है, तो कई कोठरी मे बंद पडे है जो आज भी सड़ रहे है और कुछ अध्यापक व प्रध्यापक के घर की शोभा बढ़ाने से नही चूक पा रहे है, वही कई गांवों के स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को तो इन कम्प्यूटर के क्षेत्र मे ए बी सी डी का ज्ञान न होने के कारण वह छात्र छात्रायें भी कम्प्यूटर ज्ञान से अवगत नही करा पा रहे है, क्योंकि शिक्षकों को कम्प्यूटर संबंधी ज्ञान न होने के कारण गांवों के बच्चे उन्हें आज तक चालू व बंद करना भी नही सीख पाये है? इतना ही नही अज्ञानता वश बच्चे यह सुनकर व जानकर उत्साहित होते है कि उन्हे स्कूल मे टेली विजन देखने मिला है जो शायद कभी चालू होगा, आधुनिकता से परिपूर्ण दौर मे प्रत्येक क्षेत्र मे कम्प्यूटर जरूरत बन गया है। इसी बात का ध्यान रखत हुये बच्चों के भविष्य के लियें शिक्षा विभाग द्वारा कम्प्यूटर ज्ञान सोच के साथ लाखों रूपयें की राशि खर्च कर गांव गांव के स्कूलों मे कम्प्यूटर प्रशिक्षण की सुविधा मुहैया करायी गयी है। परंतु प्राध्यापकों द्वारा राशि का बंदर बाट कर अपनी जेब व अपने घर की शोभा बढ़ाने के शिवा कुछ साबित नही हुआ है? कम्पूटर प्रशिक्षण के नाम पर धूल खा रहे कम्प्यूटर एक बार बिगड़ जाने के बाद महीनों उनकी मरम्मत नही कराई जाती है, इस प्रकार वह स्कूलों मे रखें रखें सड़ रहे है। कई स्कूलों में तो लाईट की व्यवस्था तक नही है, फिर भी उन स्कूलों में कम्पूटर उपलब्ध है, अब सवाल यह उठता है कि आखिर शासन द्वारा कम्पूटर शिक्षा के नाम पर पैसा क्यों खर्च किया गया है जो आज स्कूलों में मात्र शोभा की सुपारी के आलवा और कुछ साबित होने से नही चूक पा रहे है।

## खबर संक्षेप

### तहसील कार्यालय शहपुरा के दो कर्मचारियों की दो-दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई

**डिंडौरी।** एसडीएम शहपुरा अनुराग सिंह ने आज मंगलवार को कार्यालय तहसीलदार शहपुरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसील कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 पुरुषोत्तम परस्ते (प्रवाचक तहसीलदार) और भृत्य संदीप सिंह परस्ते कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए और उपस्थिति पंजी के अवलोकन करने पर पाया गया कि संदीप परस्ते द्वारा 15 जुलाई और पुरुषोत्तम परस्ते द्वारा अग्रिम दिनांक 16 जुलाई को 2024 को पंजी में हस्ताक्षर कर कार्यालय में अनुपस्थित रहे। तहसीलदार शहपुरा द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा दोनों से फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु सम्बन्धित के द्वारा फोन रिसीव भी नहीं किया गया। उक्त कर्मचारियों की अनुपस्थिति और स्वेच्छाचारिता के कारण दूरस्थ क्षेत्रों से आए आवेदकगण परेशान होते पाए गए। इन्हें पूर्व में भी कार्यालयीन समय में उपस्थित रहकर कार्य करने की हिदायत तहसीलदार द्वारा दी जा चुकी है, किंतु उनके द्वारा अपेक्षानुरूप कार्य व्यवहार नहीं किया गया। उनके द्वारा नोटिस का भी संतोषजनक उत्तर नहीं पाया गया। उक्त कर्मचारियों द्वारा प्रायः स्वेच्छाचारिता और लापरवाही की जाती है। अतः म.प्र.सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 उल्लंघन पाये जाने पर म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश द्वारा प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए एसडीएम शहपुरा अनुराग सिंह ने सहायक ग्रेड-3 पुरुषोत्तम परस्ते (प्रवाचक तहसीलदार) और भृत्य संदीप सिंह परस्ते की दो-दो वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी है।

### जिले में 16 जुलाई तक 375.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**डिंडौरी।** 16 जुलाई 2024 तक डिंडौरी जिले में 375.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा की जानकारी प्रपत्र अनुसार 16 जुलाई 2024 तक डिंडौरी में 338.7, अमरपुर में 329.0, समनापुर में 242.9 बजाग में 339.0, करंजिया में 347.4 शहपुरा में 428.7 मेंहदवानी में 599.1 मि.मी. वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

### फलदार एवं छायादार पौधों का हुआ रोपण

**अनूपपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य शासन के दिशा निर्देशानुसार जिले में पौधरोपण अभियान के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उद्यान विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, वन विभाग, खनिज विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, खाद्य विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, सहकारिता, परिवहन, मत्स्य, श्रम, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला एवं बाल विकास, उच्च शिक्षा, जनजातीय कार्य विभागों द्वारा पौधरोपण का स्वयं से लक्ष्य तय कर पौधरोपण किया जा रहा है। जिले में विभागों द्वारा 4 लाख 66 हजार 275 पौधों के रोपण का लक्ष्य लिया गया है। जिसके तहत 15 जुलाई तक 2 लाख 51 हजार 716 पौधों का रोपण जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किया जा चुका है। जिले में कम भूमि पर ज्यादा पौधों के रोपण की मियाबाकी तकनीक का भी प्रयोग किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने विभागों को स्वप्रेरणा से लिए गए लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पौधरोपण के निर्देश दिए हैं।

### जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक 23 को

**अनूपपुर।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (डीडब्ल्यूएसएम) की बैठक कलेक्टर आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में मंगलवार 23 जुलाई को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया है। पूर्व में यह बैठक कल आयोजित की जानी थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अनूपपुर के कार्यपालन यंत्री व जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्य सचिव ने बताया है ।

## समय पर दफ्तर पहुँच जाओ, वरना एसडीएम साहब आ जाएँगे

# शासन के निर्देश के बाद सक्रिय हुये अधिकारी

समय पर दफ्तर पहुँच जाओ, वरना एसडीएम साहब आ जाएँगे कुछ ऐसा ही मामला कल देखने को मिला, जहाँ एसडीएम ने मंगलवार को सर्व शिक्षा अभियान विभाग, नगर परिषद, जनपद पंचायत और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।





निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सहित 22 अधिकारी कर्मचारी मौके पर नहीं मिले, जहाँ एसडीएम ने कलेक्टर को एक दिवस का वेतन कटौती का प्रतिवेदन भेज दिया ।

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश शासन ने शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों को सुबह 10 बजे तक उपस्थित होने के निर्देश जारी किए थे। इसके बाद भी अधिकारी-कर्मचारी समय पर कार्यालय नही आ पा रहे है। एसडीएम ने समय पर न आने वाले अधिकारी कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के लिए प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा है। जब जिला मुख्यालय के शासकीय कार्यालयों में ये हालात है तो इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ब्लॉक स्तर पर शासकीय कार्यालयों की स्थिति क्या होगी। अतः जिला प्रशासन को ब्लॉक स्तर पर भी निरीक्षण कर कार्यवाही करनी चाहिये।

### जिला शिक्षा अधिकारी सहित ये 22 कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचे

एसडीएम के निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी रत्ती सिंह सिद्राम, सहायक संचालक नेमचंद तेकाम, सुमन तेकाम, माता दीन साण्डया, प्रकाश धुर्वे, रमेश मरावी, स्वेता, सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय में सुखनंदन राठौर, नगर परिषद से खेम लता खंपरिया, नेहा मालवीय, तपस्या दुबे, जनपद पंचायत डिंडोरी से अमन सिंह मरावी, गौतम मरावी, ह्रदय सिंह मरावी, भारत सिंह मरावी, बैजू लाल यादव, दुवार सिंह, अशोक कुमार चंदेल, भगत लाल हथेश्वर, ओमप्रकाश राजपूत, जेके तिवारी, वृंदा परस्ते, प्रकाश सिंह चंदेल समय पर कार्यालय नहीं पहुंचे।

# एक साल में खंडहर में तब्दील हुआ भवन, जिले में मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति करते अधिकारी





हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

डिंडोरी जिले में शिक्षा और शिक्षा व्यवस्था की लचर स्थित सार्वजनिक है जिसमें शासकीय स्कूलों में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के भवन खंडहर में तब्दील हो ही चुके है। आंकड़े बताते हैं कि जिले के 620 सरकारी स्कूल के भवनों की हालत जर्जर है जिसमें से 500 के लगभग प्राथमिक शाला के भवन है तो 112 माध्यमिक विद्यालय के भवनों की स्थिति जर्जर हो चुकी है। जिसके चलते जिले के नौनिहाल शिक्षा के साथ साथ खेलकूद, और अन्य सुविधाओं से वंचित हैं।

इतना ही नहीं पिछले दो वित्तीय वर्ष में 100 से अधिक माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मरम्मत के कार्य जिले में कराएं गए है पर मरम्मत के नाम पर मुख्य अधिकारियों के संरक्षण के चलते क्षेत्र के अनेक विद्यालयों जिनमें लगभग 20 लाख रूपए से अधिक की लागत से मरम्मत के कार्य किए गए थे वे अब खंडहरों में तब्दील हो रहे हैं। वास्तविकता यह है कि जिले में शिक्षा विभाग को ग्रहण लगा हुआ है जिसके ग्रहण के कारण ही शिक्षा व्यवस्था की लचर प्रणाली और मरम्मत कार्य में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के चलते आधे अधूरे और घटिया सामग्री के मरम्मत के बाद भी मरम्मत कार्य की राशियों का बंदरबांट किया गया है।

हम बात कर रहे हैं जनपद पंचायत करंजिया अंतर्गत एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झनकी की जहां पिछले दो सालों से 20लाख के लागत से मरम्मत कार्य किया गया, जहां टेंडर प्रक्रिया के बाद मरम्मत का कार्य किया जाना था पर मनमानी का आलम यह रहा कि मरम्मत के नाम पर शौचालय और प्रसाधन तक को अधूरा छोड़ दिया गया, अधिकारियों की संलिप्तता और संरक्षण के चलते खिड़कियां तक नहीं बदलीं गई जिसका परिणाम यह हुआ कि टूटी हुई खिड़कियां विद्यालय की बदहाल स्थिति को दिखा रही है। जहां पहले मरम्मत कार्य हुआ था हर कमरे का छज्जा गिर रहा है। यदि विद्यालय संचालन और शैक्षणिक कार्य के दौरान पढ़ने वाले बच्चों पर छज्जा गिरता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

स्कूलों के जर्जर हॉल की तस्वीर आदिवासी क्षेत्र के नर्मदा टोला में भी दिखाई देती है। जहां तीन प्राथमिक शाला भवन है और तीनों भवन खंडहर में तब्दील हो चुके हैं जो किसी भी वक्त धराशाही हो सकते हैं। बच्चों के स्कूल के लिए पूर्व सरपंच के घर एक कमरा दे दिया जिसमें एक ही कमरे में पहली से पांचवी तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं, अधिकारियों को पूरी स्थिति की खबर तो है पर बदहाल स्थिति पर सिर्फ नजरंदाज कर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।



## सी एम राइज भवन निर्माण में मजदूरी न मिलने पर मजदूर पहुंचे पुलिस चौकी

**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** सी एम राइज स्कूल भवन निर्माण देवरी अमरपुर में कार्यरत मजदूरों को विगत 2 माह से मजदूरी भुगतान नहीं किया गया हैं। जिससे परेशान मजदूरों ने पुलिस चैकी अमरपुर में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई गई हैं। आवेदन में उल्लेख किया गया हैं कि ठेकेदार द्वारा 2 माह से मजदूरी भुगतान नहीं किया जा रहा हैं। जबकि मजदूरों के बच्चे स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं। जिनके लिए शैक्षणिक सामग्री कपड़े, जूते आदि नहीं खरीद पा रहे हैं। जिससे बच्चे स्कूल जाना भी बंद कर दिए हैं। ठेकेदार कहीं चला गया हैं, फोन लगाने पर उठा ही नहीं रहा हैं। जिसमें कुछ मजदूर पुलिस चैकी में उपस्थित हुए। चैकी प्रभारी अतुल हरदहा द्वारा भी फोन लगाया गया। परंतु कार्यस्थल पर काम करवाने वाला चिराग नामक व्यक्ति कोई जवाब ही नहीं दिया। आवेदन लेते हुए चैकी प्रभारी द्वारा अगले दिन बुलाया जाकर भुगतान की व्यवस्था करने के आश्वासन दिया गया। इसी प्रकार ग्राम चैरा निवासी बलराम राजपूत की मिक्सर मशीन का भी एक वर्ष से भुगतान नहीं किया गया हैं। जिसकी शिकायत भी पुलिस चैकी अमरपुर में दिनांक 26 जून को आवेदन देकर भुगतान कराने का निवेदन किया गया हैं। परंतु वह भी इतने दिनों से भुगतान के लिए आश्वासनों पर चक्कर काट रहा हैं। यह स्थिति रही तो वह दिन दूर नहीं जब मजदूरी एवं अन्य भुगतान के लिए मजदूर धरना प्रदर्शन एवं चकाजाम के लिए भी उतर सकते हैं।

## जनसुनवाई के आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर आवेदकों को अवगत कराएंः कलेक्टर

### आज जनसुनवाई में प्राप्त 32 आवेदन पत्रों की हुई सुनवाई



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त 32 आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।जनसुनवाई में ग्राम पिंजरहा टोला अनुसुईया बाई पति मुकेश बनाफर ने आवेदन पत्र प्रस्तुत कर बताया कि दिलीप कुमार पिता रामप्रसाद निवासी ग्राम सेम्हर टोला खन्नात के द्वारा पीएमईजीपी के तहत लोन दिलवाने के नाम पर 15 हजार रूपये की ठगी की गई है। उसने दिलीप कुमार के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। कलेक्टर ने उक्त आवेदन पर कार्यवाही करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए हैं। इसी प्रकार से ग्राम सरपंच पटपरा माल ग्राम पंचायत छीरपानी द्वारा पंचायत में आंगनवाड़ी भवन निर्माण, प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में नियमित शिक्षक पदस्थ कराने की मांग की है। जिस पर सीईओ जनपद पंचायत एवं सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग को मौके का मुआयना कर आवेदन पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आवेदकों के द्वारा राशन वितरण, वृद्धावस्था पेंशन, मजदूरी भुगतान, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, संबल योजनांतर्गत सहायता राशि, सहित अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए गए। इन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण किया गया, जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उसके लिए आवेदकों को समय सीमा दे दी गई है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी अधिकारियों को जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निराकरण कर शिकायतकर्ता को अवगत कराने भी कहा है।

# कलेक्टर ने ली सीएम राइज स्कलों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



जिले में निर्माणाधीन/निर्मित सीएम राईज स्कूल विकासखंड स्तर पर सातों विकासखंडों में निर्माण किए जा रहे हैं। सीएम राइज स्कूल निर्मित बिल्डिंग की अच्छी गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से आज कलेक्टर सभाकक्ष में पीआईयू एवं पुलिस हाउसिंग बोर्ड के समस्त स्टॉफ इंजीनियर, एसडीओ, ठेकेदार, प्राचार्य की संयुक्त बैठक ली। जिसमें कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि स्कूल की पुरानी पुरानी बिल्डिंग को सुरक्षित रखना है और उसका उपयोग प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला या अन्य शैक्षणिक संस्था के रूप में उपयोग किया जाए।

उक्त बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी सीएम राइज स्कूलों में छत के पानी का सदपयोग करने के उद्देश्य से पानी के ड्रेनेज बनाए जाए जिससे स्कूल में पानी की समस्या का हल किया जा सके। उन्होंने सभी ठेकेदारों को कहा कि कि स्कूल की बिल्डिंग में किसी भी रूम, कक्षा या हॉल में पानी का रिसाव नहीं होनी चाहिए अन्यथा आपके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। सभी सीएम राइज प्राचार्यों को निर्देशित किया कि सीएम राइज स्कूल की जमीन का नामांतरण हेतु आवेदन हल्का पटवारी के पास प्रस्तुत करें जिससे राजस्व रिकार्ड में सीएम राइज स्कूल दर्ज किया जा सके। कलेक्टर ने सभी प्राचार्य एवं संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि विद्यालय में पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए जिससे विद्यार्थियों को पानी की समस्या का सामना न करना पडे। साथ ही सीएम राइज स्कूलों के प्रांगण में पेड़-पौधों का रोपण किया जाए जिससे फल, छाया एवं शुद्ध वातावरण सहित पर्यावरण के प्रति आपकी महत्वपूर्ण भूमिका बनी रहे। पीआईयू विभाग से बीएल मरावी, सीके त्रिपाठी, पुलिस हाउसिंग बोर्ड से डीके बर्मन, इंजीनियर, एसडीओ, शिक्षा विभाग से समस्त प्राचार्य, एमके उरमलिया, वंश बहोर द्विवेदी, जनजाति कार्य विभाग से बीडी सोनी, बीओ डिंडौरी से सीके वैष्णव, हंश कुमार गवले आदि प्राचार्य उपस्थित रहे।

# एसडीएम शहपुरा ने नगरीय क्षेत्रीय कालोनाईजेशन के उल्लंघन पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

एसडीएम शहपुरा श्री अनुराग सिंह ने नगर पंचायत शहपुरा अंतर्गत जबलपुर रोड किनारे स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 602/2/1/6/1/1 रकबा 1.760 हेक्टेयर पटवारी हल्का नंबर 44 राजस्व निरीक्षक मंडल शहपुरा का हरीलाल पिता नन्ना यादव निवासी शहपुरा द्वारा छोटे भूखण्डों/प्लाट बनाकर विक्रय किया जा रहा है तथा अनाधिकृत रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही है। इसी प्रकार से एवं मानिकपुर रोड किनारे स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 52/1/1/1/1/ 1/1 रकबा 2.1970 हेक्टेयर व खसरा नंबर 56/2/1/1/2/1/1/ 1/1/1 रकबा 2.5545 हेक्टेयर को प्रेमचंद पिता ब्रम्हदत्त निवासी शहपुरा द्वारा छोटे भखण्डों/प्लाट बनाकर विक्रय किया जा रहा है तथा अनाधिकृत रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही है, जो नगरीय क्षेत्रीय कालोनाईजेशन का उल्लंघन है। अतः एसडीएम शहपुरा ने उक्त दोनों अनावेदकों के विरूद्ध सुसंगत धारा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही करने हेतु कलेक्टर को प्रतिवेदित किया है। उल्लेखित परिस्थितियो को दृष्टिगत रखते हुये दोनों अनावेदकों के स्वामित्व की भूमि को कॉलम नंबर 12 में अहस्तांतरणीय प्रविष्टो दर्ज किये जाने हेतु हल्का पटवारी शहपुरा को आदेशित किया गया है। साथ ही म.प्र. मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्वधन तथा शर्तें नियम, 1999 नगर पालिका (कॉलोनी विकास नियम, 2021) के तहत कॉलोनी का प्रबंधन शासन के आधिपत्य में लिये जाने के साथ ही नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 292-ग एवं मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339-ग के तहत अनावेदकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किये जाने की अनुशंसा सहित नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत सक्षम प्राधिकारी जिला कलेक्टर को प्रकरण प्रेषित किया गया है।

# जिपं सीईओ ने जनसुनवाई में 65 आवेदनों में की सुनवाई

**अनूपपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित जन सुनवाई में आमजनता से मिले 65 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम देवहरा थाना चचाई की पुसनी बाई ने पट्टे की भूमि के राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज कराने, जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चोंड़ी के सरपंच धरम सिंह मार्को ने ग्राम चोंड़ी के शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाए जाने, ग्राम हर्री तहसील अनूपपुर के रमेश प्रसाद राठौर ने भूमि का नक्शा तरमीम कराए जाने, ग्राम बरबसपुर (चोंड़ी) थाना कोतमा की तेरसिया बाई ने पति की मृत्यु होने पर संबल योजना के तहत सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम पपरौड़ी तहसील जैतहरी के फूलसाय ने हल्का पटवारी द्वारा भूमि का बंटवारा न किए जाने, ग्राम खमरौध तहसील पुष्पराजगढ़ के लालमन सिंह ने बीपीएल सूची में नाम जोड़ने, जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम रेउंदा के रामावतार चौधरी ने ग्राम पंचायत रेउंदा में अमृत सरोवर निर्माण कार्य में ट्रैक्टर से मिट्टी फेंकने के कार्य में की गई।

## खबर संक्षेप

### प्रतिभावान छात्रा को शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस कक्षा बारहवीं में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने पर शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश शासन राव उदय प्रताप सिंह आयुषी जाट को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। छात्रा द्वारा अपनी सफलता का श्रेय परिजनों को तथा शिक्षकों दिया ।

### स्व. श्री मुशरान की प्रतिमा पर माल्यार्पण एव श्रद्धांजलि



**नरसिंहपुर।** मंगलवार को भारत कृषक समाज द्वारा उनके संस्थापक सभापति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व मंत्री कृषि रत्न स्वर्गीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान की पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय मुशरान पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एन.पी. प्रजापति, संजय शर्मा, नरेन्द्र राजपूत, लाखन सिंह पटेल, प्रो. सी.एस. तिवारी, विश्वनाथ सिंह गुमास्ता, मनोहर लाल साहू, , प्रभात तिवारी, देवेन्द्र प्रजापति, राजीव राणा, मनोहर हींगणे, सहित आदि सैकड़ों जनप्रतिनिधियों एवं कृषकों सहित समाज के जिला अध्यक्ष पं. मैथिलीशरण तिवारी, एम.आई.एम.टी. कॉलेज के चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग, उपप्राचार्य डॉ. एस.एन. राव, एन.सी.सी. अधिकारी मेजर डॉ. पराग नेमा, महाविद्यालयीन स्टाफ एन.सी.सी. एवं रासेयो केडिट्स तथा छात्र-छात्राओं ने दिवंगत नेता को मौन श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के अंत में मुशरान भवन में श्रीमती शोभा अजय मुशरान के सौजन्य से समाज द्वारा स्वल्पाहार का आयोजन किया गया।

### पटवारी संघ की बैठक संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस म.प्र. पटवारी संघ की तहसील इकाई तेंदूखेड़ा की मासिक बैठक का आयोजन तहसील अध्यक्ष श्री अभिलाष शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का शुभारंभ तहसील में नवीन पदस्थापना में आये हुए 9 नवीन पटवारियों के परिचय से हुआ। तदुपरांत बैठक में पटवारी हितों के सम्बंध में चर्चा की गई, साथ ही म.प्र. शासन का बहु प्रतीक्षित राजस्व महाभियान 2.0 के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें कृषको को यथोचित लाभ दिलाये जाने हेतु कार्य मंत्रणा की गई। बैठक में प्रांतीय कार्यकारिणी से उप प्रांताध्यक्ष श्री अरविंद दुबे, तहसील उपाध्यक्ष श्री राजेश किरार, सचिव श्री राजा भैया मेहरा, कोषाध्यक्ष श्री राजकुमार धाकड़ एवं संघ से जुड़े सभी पटवारी उपस्थित रहे।

### 206 उपभोक्ताओं पर 3 लाख से बकाया

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों जहां विद्युत उपभोक्ता बिजली की अघोषित कटौती से जूझ रहे हैं वहीं समय पर विद्युत बिल जमा ना करने की स्थिति में पूरे गांव की विद्युत सप्लाई विच्छेद करनी पड़ रही है। हमारे प्रतिनिधि को समीपी ग्राम ढिलवार के प्रतिष्ठित विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि बरसात के दिनों में जहरीले जीव-जंतु यहां वहां विचरण किया करते हैं रात्रि के समय उजाले की नितांत आवश्यकता होती है। साथ ही अचानक बिजली की सप्लाई बंद हो जाने की स्थिति में मौआखेडा खकरैडी ब्रम्हनी सहित अनेक गांव प्रभावित हो गये हैं।

### श्रीमती रंजना शुक्ला का निधन

**नरसिंहपुर।** स्थानीय इंद्रा वार्ड निवासी रजनीकांत शुक्ला की पत्नि श्रीमती रंजना शुक्ला को 16 जुलाई को निधन हो गया। अंतिम यात्रा 17 जुलाई को प्रातः 9 बजे निज निवास से नकटुआ स्थित मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।

# सरपंच सचिव की कार्यप्रणाली पर संदेह

## मल्हौआ निवासियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

जिले मे दो मंत्री होने के बाद भी जिले की जिले वासियों को योजनाओं का बेहतर लाभ नही मिल पा रही है और ग्रामीणा बेहतर सुविधाओं के नाम पर धता दिखाया जा रहा है।





**नरसिंहपुर।**

सरकार द्वारा लाखों रूपये की राशि जारी की लोगों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराने के दाबे किये जाते है लेकिन धरातल मे शासन की योजनायें पूरी तरह से संचालित नही हो पा रही है और लोगो को सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला ग्राम मल्हौआ से सामने आया जहां पर ग्रामीणों को आने जाने के लिये रोड भी नही बनवाई गई है जिसके कारण लोगो को समस्याओं से जूझना पड़ता है । प्रशासन को चाहिये की जांच पड़ताल कर ग्रामीणों की समस्याओं को समाधान किया जावे।

### मामला इस प्रकार

ग्राम मल्हौआ के वार्ड क्रमांक 7 में रोड निर्माण, लाईट व्यवस्था व आंगनवाड़ी की समस्या के हल के लिए ग्राम वासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्राम वासियों ने बताया कि मल्हौआ वार्ड क्रमांक 7 मोहल्ला मल्हौआ टपरियों में करीबन 40 मकान बने हुए तथा वहां पर ग्राम पंचायत बेलखेड़ा लगती है। ग्राम पंचायत के सरपंच/सचिव करीबन 15 वर्षो से सरपंच बने हुए है परन्तु ग्रामवासी की समस्या को ध्यान में ना रखते हुए प्रतिवर्ष बरसात के समय रोड निर्माण के एवज में खेतों की मिटटी पुरवा देते है जिससे आने जाने में परेशनियों का सामना करना पड़ता है तथा वहां पर 15 वर्षों से बने सरपंच द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं करवाया गया है जिससे वहां पर आंगनवाडी व लाईट की व्यवस्था भी नहीं गई है ।

### दलदल से जूझते है ग्रामीण

ग्रामीणों द्वारा सौंपे गये ज्ञापन मे बताया गया है कि रोड के नाम पर प्रतिवर्ष खेतों की मिट्टी रोड पर डालवा दी जाती है जिससे दलदल और अधिक बढ जाती है। ग्रामवासी बरसात के समय आने जाने व अगर कोई व्यक्ति बीमार हो जाये तो उसका इलाज कराने में ग्रामवासियों को बीमार व्यक्ति को खटिया पर लादकर ले जाना पडता है कभी कभी ऐसा भी होता है कि बीमार व्यक्ति रास्ते में ही दम तोड देता है अगर हमारे गांव में रोड का निर्माण होता है ऐसी परेशनियों का सामना नहीं करना पड़ता है तथा लाईट न होने से बच्चों को पढाई करने में परेशानी होती है। ज्ञापन में अन्य समस्याओं के उल्लेख करते हुए आंगनबाड़ी केंद्र भी खोलने की मांग की गई है।

### सरकार दाबे खोखले

सरकार द्वारा लाखों रूपये की राशि ग्राम विकास के नाम पर स्वीकृत की जाती है लेकिन प्रशासन के गैर जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लोगो को योजनाओं का पूरा फायदा नही मिल पाता है। ऐसा ही ग्राम मल्हौआ मे भी नजर आया जहां पर ग्रामीणों को रोड, आगनबाड़ी जैसी महत्वपूर्ण सुविधायें नही मिल पा रही जिससे छोटे बच्चों की प्राथमिक शिक्षा पर भी पड़ रहा। ऐसे मे प्रशासन के व सरकार के सारे दाबे खोखले नजर आते है। जबकि सरकार के जिम्मेदार मंत्री मंच से लोगो को बेहतर सुविधा देने की बात करते है। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के बाद ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव की कार्यप्रणाली पर संदेह उत्पन्न हो रहा है।

# अवैध शराब बिक्री पर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहपुर।**



समीपस्थ ग्राम देवरी कला में खुलेआम अवैध शराब बिक्री पर ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बड़ी संख्या में ग्राम देवरीकलां से आए ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम के अंतर्गत अनेक लोगो के द्वारा अवैध तरीके से शराब का विक्रय किया जा रहा जिनमें राजकुमार गौड, पिता रामचरण गाँड, संतोष गौड पिता रामप्रसाद गाँड, दशरथ यादव पिता परषोत्तम यादव सभी निवासी ग्राम देवरीकलां के द्वारा अवैध तरीके से ठेका से शराब लाकर ग्राम में विकय करते है जिससे ग्राम के बच्चो को भी शराब की बुरी लत लग गई है और इसी कारण से करीब 3-4 बच्चों ने आत्महत्या भी कर ली है। कुछ घरो में कर्जा आदि के कारण से घर के उपयोगी सामान बर्तन आदि बेचना पड रहा है एवं शराब की लत होने के कारण से चोरी चकारी भी हो रही है। ग्राम की महिलाये एवं बच्चों पर उक्त शराब के अवैध विक्रय के कारण से बहुत ही बुरा असर पड रहा है। पुलिस के द्वारा भी कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। ग्राम वासियों ने पुलिस अधीक्षक से कठोर कार्रवाई की मांग दोषियों के खिलाफ करने की है।



# कलेक्टर व एसपी ने मोहर्रम की तैयारियों का लिया जायजा

**नरसिंहपुर।**

सम्पूर्ण जिले में आज मोहर्रम का पर्व मनाया जायेगा। इस दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने तेंदूखेड़ा व गाडरवारा तहसील का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारीद्वय ने गाडरवारा, तेंदूखेड़ा व चीचली में ताजिया स्थल पर कमेटियों द्वारा मोहर्रम पर्व की चल रही तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर व एसपी ने मोहर्रम पर्व पर जुलूस, भीड़ वाले क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने गाडरवारा में नगर पालिका से श्याम टॉकीज तक पैदल मार्च भी निकाला। इस दौरान संबंधित एसडीएम और अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# कलेक्टर एवं एसपी ने दिया विद्यार्थियों को मार्गदर्शन



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मुख्य आतिथ्य में और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के विशिष्ट आतिथ्य में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के बालिका छात्रावास में मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में वन मंडलाअधिकारी लवित भारती, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार व्यौहार, प्रभारी नगर पालिका शिक्षा समिति श्रीमती रानी चैधरी, विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, प्राचार्य जीएस पटेल, पार्षद, बालिका छात्रावास अधीक्षिका एवं स्ष्टाफ मौजूदा था। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती पटले, पुलिस अधीक्षक अन्य अतिथियों और विद्यार्थियों ने पौधरोपण किया। इस दौरान पाम, नीम, आम, जामुन, अशोक सहित 50 पौधों का रोपण किया। प्रत्येक छात्रा को एक- एक पौधा आवंटित कर उसकी देखरेख की जिम्मेदारी सौपी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ माॅ सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। कलेक्टर श्रीमती पटले ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में छात्राओं से कहा कि वे अपने अंतिम लक्ष्य तक पहुंचने की यात्रा में आने वाले उतार- चढाव को साझा किया। उन्होंने आव्हान करते हुए कहा कि चाहे छोटे लक्ष्य हो या बड़े लक्ष्य सभी को पार करने के लिए मानसिक सुदृढ़ता जरूरी है। साथ ही अपने ज्ञान को अद्दतन रखने के लिये समाचार पत्र व पत्रिकाओं को हमेशा पढ़ते रहें। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने यूपीएससी व पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के तरीके बताये। वन मण्डल अधिकारी लवित भारती ने छात्राओं के उनके प्रश्नों के उत्तर दिये। उन्होंने कहा कि आपके अंदर जो प्रश्न हैं, उन्हे हमेशा साझा करें। हमारे उत्तर आपकी समस्या का सामधान हो सकते हैं। संस्था प्राचार्य जीएस पटैल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम में छात्रा सोनम जाटव द्वारा कविता गायन, शिवानी पटवा, श्रेया पटवा, पलक राय, रोशनी कुशवाहा, भूमिका सैयाम, अभिलाषा मरावी ने हाथ से बने हुए कार्ड व पेटिंग प्रदान किये। कार्यक्रम में आभार प्राचार्य जीएस पटेल ने किया।

# सिद्धचक्र महामंडल विधान में 32 प्रतिमाओं का हुआ अभिषेक

**नरसिंहपुर ।**



जिले की गोटेगांव तहसील मे पावनधरा पर स्थित श्रीदेव पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिरजी विद्याभवन में संतशिरोमणि परमतपस्वी समाधिस्थ आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर महामुनिराज जी के परोक्ष आशीर्वाद एवं विद्या शिरोमणि अभिनव आचार्य गुरुवर 108 श्री समयसागर महाराज जी के मंगल आशीर्वाद से परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण प्रातः स्मरणीय गुरुवर परमपूज्य मुनिश्री 108 श्री संभवसागर महाराजजी मुनिश्री108 श्री निस्सीमसागर महाराजजी, मुनिश्री 108 श्रमणसागर महाराजजी,मुनिश्री 108 श्री संस्कारसागर महाराजजी, मुनिश्री 108 श्री ओंकार सागर महाराजजी,क्षुल्लक 105 श्री जागृतसागर महाराजजी,क्षुल्लक105 श्री गौरवसागर महाराजजी दर्शनार्थ एवं सत्संग हेतु विराजमान है,सराफा बाजार स्थित देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ जिनालय परिसर स्थित विद्यासागर सभागार में तृतीय दिवस 16 जुलाई मंगलवार को परमपूज्य निर्यापक श्रमण मुनिश्री108 श्री संभवसागर महाराजजी ससंघ की पावन सानिध्य में आयोजित1008 श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में गोटेगांव के इतिहास में प्रथम बार एक अद्भुत ऐसा नजारा देखने को मिला जिसे देखते ही सभी आश्चर्यचकित होने के साथ- साथ अपने आप को बड़ा ही सौभाग्यशाली महसूस कर रहे थे,नजारा यह थाकि श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में 32 जिन प्रतिमाओं का बाल ब्रह्मचारी तरुण भैया जी द्वारा मंत्रोच्चारण से अभिषेक कराए जाने के तत्पश्चात पूज्य मुनिश्री 108 श्री निस्सीमसागर महाराज जी ने अपनी अमृतमय वाणी से 32 जिन प्रतिमाओं का 64 रिद्धि मंत्रोच्चारण के साथ वृहद शांतिधारा भक्ति भाव के साथ श्रद्धापूर्वक धार्मिक माहौल में संपन्न कराई गई, । पूज्य निर्यापक श्रमण मुनिश्री 108 श्री संभवसागर महाराज जी ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि जब हम सब ने मिलकर प्रारंभ में सिद्धचक्रमहामंडल विधान करने का विचार किया था,तब से आज का दिन जब हमने मिलकर एक साथ 32 जिन प्रतिमाओं की शांति धारा का सौभाग्य प्राप्त किया,पूज्य गुरुदेव के प्रथम आदेश एवं आशीर्वाद से गोटेगांव आए हैं अब हमें उस आदेश की कसौटी पर खरा उतरना है,और साथ में आपको भी कसौटी पर हर उतरना है,जनजन को इस चातुर्मास में मन से शामिल होना है बाल ब्रह्मचारी तरुण भैया के सानिध्य में बहुत ही उत्साहपूर्वक से विधान चल रहा है यह आपकी प्रसन्नता बता रही है गुरुदेव के आशीर्वाद से अनेको कठिन से कठिन कार्य भी आसानी से संपन्न हो जाते हैं,रिद्धिधारी मुनिराज चतुर्थ काल में पाए जाते थे आज रिद्धि धारी मुनिराज तो नहीं है पर हमारे गुरुदेव में कुछ रिद्धियां अवश्य थी,अनेको चमत्कार गुरुदेव के हम सभी ने देखें और सुने हैं दानवीर भामाशाह श्रेष्ठी अशोक पटनी कई बरसों से गुरुदेव से निवेदन करते रहे की राजस्थान में स्थित नारेली तीर्थक्षेत्र में प्राण प्रतिष्ठा के लिए पधारे,पर गुरुदेव नहीं पहुंच पाए और गोटेगांव नगर का सौभाग्य की आचार्य महाराजजी यहां पर आए और उनके पावन सानिध्य में जिनबिम्ब की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई इस विधान की पूर्ण आहुति 21 तारीख को है जब कलश स्थापना का कार्यक्रम समापन होगा, आपको प्रत्येक घर में एक कलश अवश्य लेकर गुरु पूर्णिमा का वह पावन दिवस सार्थक करना है,विद्यासागर सभागार में 1008 श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं परमपूज्य मुनिश्री की अमृत मय वाणी का रसपान करने बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओं ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्तकर अपने मानव जीवन का कल्याण कर रहे हैं ।

# हर्षोल्लास से मनाया गया मातृ दिवस

**नरसिंहपुर।** नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था कार्मेल विद्यालय में मातृ दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। इसके साथ ही विगत दिनों विद्यालय में संपन्न हुए कैबिनेट चुनाव में विजयी छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती सुशीला ममार नगर पालिका अध्यक्ष, करेली का आगमन हुआ। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की भी सराहनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला ममार, संस्था प्रबंधक फादर स्टेनिंन, प्राचार्य फादर वर्गिस, एडमिनिस्ट्रेटर फादर साजू के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य फादर वर्गिस ने अपने स्वागत भाषण दिया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कार्मेल माता, हमारी जन्मदात्री माता एवं हम सभी का पालन करने वाली हमारी धरती माता की महिमा के बारे में बताया तदोपरांत छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में उपस्थित अपनी- अपनी माताओं को तिलक लगाया, उनके



चरणों में जल अर्पित किया एवं उनकी आरती उतार कर पूजन किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा उपस्थित सभी माताओं को श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने विद्यालय कैबिनेट चुनाव में विजयी सभी छात्र-छात्राओं को सत्यनिष्ठा एवं कर्तव्य परायणता की शपथ दिलाई। जिसमें आराध्या भारद्वाज एवं विभान सिंह कौरव ने स्कूल लीडर के रूप में, रानू पटेल एवं ध्रुव साहू ने स्कूल सेक्रेटरी के रूप में, कनिष्का राजपूत एवं अर्णव सोनी ने स्कूल कैप्टन के रूप में, कर्तव्य परायणता की शपथ ग्रहण की। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम का विषय माँ की महिमा पर केंद्रित रहा। तदोपरांत वृक्षारोपण कार्यक्रम एक वृक्ष माँ के नाम के तहत मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा वृक्षारोपण कर प्रकृति को हरा-भरा एवं खुशहाल बनाने का संदेश दिया । मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कार्मेल विद्यालय में प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण, सर्वांगीण विकास से युक्त शिक्षा पद्धति एवं विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में स्कूल लीडर आराध्या भारद्वाज ने धन्यवाद भाषण प्रस्तुत कर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।